गृह मंत्रालय में उप-मंत्री :(श्री एफ० एच० मोहसिन) : (क) और (ख) संसद् सदस्य तथा विधायक को जो स्वतंत्रता सेनानी थे, पेंशन स्वीकृति के लिये आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि वे योजना में निर्धारित की गई पात्रता की शर्तों को पूरी करते हों, उनके आवेदन पत्रों की जांच की जायेगी किन्तु तब तक पेंशन स्वीकृति के बारे में कोई आदेश जारी नहीं किये जाएंगे जब तक उनसे यह सूचना प्राप्त नहीं हो जाती है कि उनकी वार्षिक आय 5000/- रुपये से कम है, श्री जगदीश नारायण मण्डल संसद सदस्य को गलती से पेंशन स्वीकृत की गई थी। इस संसद सदस्य के अनुरोध पर पेंशन रद्द करने के आदेश जारी किये जा चुके हैं।

(ग) और (घ). राज्य विधान सभा के सदस्य पेंशन स्वीकृति के पात्र होते हैं बशर्ते कि उनकी वार्षिक आय 5,000/- रुपये से कम हो। इसके अतिरिक्त यदि आवेदन पत्रों में विशेष रूप से यह नहीं कहा जाता है कि आवेदक एक संसद सदस्य अथवा विधायक है तो इस तथ्य को जानना सम्भव नहीं है जब तक कि राज्य सरकार से कोई जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो जाती है।

दिल्ली में स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मेलन

4769. श्री रामावतार शास्त्री :
श्री पी० नारायन :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 9 और 10 अगस्त, 1973 को दिल्ली में स्वतन्त्रता सेनानियों का कोई सम्मेलन आयोजित किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो सम्मेलन में भाग लेने वाले सेनानियों की संख्या कितनी थी तथा वे किन राज्यों से आये थे ; और

(ग) सम्मेलन में स्वीकृत प्रस्तावों की मुख्य बातें क्या हैं और सरकार की उनके बारे में क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एफ०एच० मोहसिन): (क) से (ग). सरकार द्वारा अगस्त, 1973 में स्वतन्त्रता सेनानियों के किसी सम्मेलन का कोई आयोजन नहीं किया गया था। किन्तु सरकार ने 9 अगस्त, 1973 को दिल्ली में भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों के राष्ट्रीय संघ द्वारा आयोजित स्वतन्त्रता सेनानियों के सम्मेलन के बारे में प्रेस रिपोर्ट देखी है। प्रेस रिपोर्टों में सम्मेलन में पारित संकल्पों अथवा भाग लेने वालों की संख्या और विवरण के बारे में कोई स्पष्ट संकेत नहीं है।

बिहार में पिछड़े क्षेत्रों का विकास

4770. श्री रामावतार शास्त्री :
श्री चन्द्र शेखर सिंह :

क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार सरकार ने राज्य के पिछड़े क्षेत्रों में विकास के लिए कोई योजना केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत की है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी रूपरेखा क्या है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहन धारिया): (क) राज्य सरकार ने योजना का छोटानागपुर तथा सन्थाल परगनों के अधिकरण द्वारा छोटानागपुर तथा सन्थाल परगनों के लिये बनाई गई पांचवी पंचवर्षीय योजना का मसौदा भेजा है।